# खाद्य आपूर्ति विभाग वाहनों पर लगाएगा जीपीएस सिस्टिम

## चर्चा में क्यों?

3 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में राशन वितिरण में हो रही गड़बड़ी पर नज़र रखने के लिये राज्य सरकार द्वारा गोदामों और अन्य केंद्रों से खाद्यान्न उठाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टिम से निगिरानी की जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पीडीएस दुकानदारों और लाभार्थियों को कम खाद्यान्न मिल रहा है, इसकी शिकायत के बाद राज्य सरकार द्वारा यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है।
- उन्होंने बताया कि राशन ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टिम होगा। इसके लिये राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड में कमान एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके ज़रिये सरकार इन वाहनों की आवा-जाही पर नज़र रखेगी।
- राज्य सरकार की ओर से जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टिम और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के लिये टेंडर जारी कर दिया गया है।
- उन्होंने बताया कि राज्य में कुल प्राथमिकता वाले घरेलू राशन कार्ड (पीएचएच) 5112307 हैं, जिसमें परिवार के कुल सदस्य 22906422 हैं; राज्य में अंत्योदय राशन कार्डधारक 896614 हैं, अंत्योदय राशन कार्डधारक के परिवार में कुल सदस्य 3519024 हैं; सफेद राशन कार्डधारक 372792 हैं, सफेद राशन कार्डधारक के परिवार में सदस्य 1404506 हैं तथा राज्य में ग्रीन राशन कार्डधारक 461292 हैं और ग्रीन राशन कार्डधारक के परिवार में कुल सदस्य 1478083 हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/food-supply-department-to-install-gps-system-on-vehicles